**पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ**

**प्रेस विज्ञप्ति**

**विभिन्न थाना क्षेत्रों से वांछित में कुल 08 अभियुक्त एवं एन0बी0डब्लू0 में 05 अभियुक्त गिरफ्तार।**

**दिनांक–19.11.2023**

**दिनांक 18/19.11.2023 को रात्रि थाना आलमबाग 02, बीबीडी 01, गाजीपुर 01, हसनगंज 01, इंटौजा 01, ठाकुरगंज 01, विभूतिखण्ड 01 एवं एन0बी0डब्लू0 में थाना बंथरा 04, चिनहट 01 अभियुक्त गिरफ्तार। इस प्रकार वांछित में कुल 08 अभियुक्त एन0बी0डब्लू0 में 05 अभियुक्त गिरफ्तार।**

**भा0द0वि0**

**थाना अलीगंज–**दिनांक 19.11.2023 को थाना अलीगंज द्वारा बताया गया कि श्री प्रबोधक वर्मा पुत्र हरिश्चन्द्र वर्मा निवास–ग्रा0 व पोस्ट भिटौरा लखन, थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी ने थाना अलीगंज पर सूचना दिया कि वह वर्तमान में तिवारीगंज थाना बीबीडी लखनऊ में रहकर तैयारी करता है। दिनांक 18.11.2023 को समय करीब 08.30 बजे रात्रि को उसके सूचना प्राप्त हुयी कि उसके ममेरी बहन अनुकृति उम्र करीब 28 वर्ष पुत्री ओंकार सिंह निवासी– जो कि अलीगंज में रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करती है ने किसी कारणवश अपने किराये के उक्त मकान में पंखे से फांसी लगा लिया है जिससे उसकी मृत्यु हो गयी है। इस सूचना पर वह अपने मित्र व मौसी की लड़की के साथ अपनी ममेरी बहन के हॉस्टल आया जहां पर अनुकृति कमरे में पंखे से रस्सी के सहारे लटकी है, जिससे उसकी मृत्यु हो गयी है। इस सूचना पर एस0आई0 श्री रवीन्द्र पाल वर्मा मो0नं0 8810892500 थाना अलीगंज द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। जिनके द्वारा बताया गया कि

**थाना चौक/मड़ियांव–**दिनांक 19.11.2023 को थाना चौक द्वारा बताया गया कि मेडिकल कालेज केजीएमयू से थाना स्थानीय पर एक मेमो इस आशय का भेजा गया कि दिनांक 19.11.2023 को समय करीब 07.40 बजे सुबह में अमर कुमार गौतम पुत्र स्व0 नत्थाराम निवासी–बेलीगारद सेक्टर पी अलीगंज, थाना मड़ियांव लखनऊ को इस चिकित्सालय में मृत अवस्था में लाया गया। **इस सूचना पर थाना चौक द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।** थाना प्रभारी निरीक्षक मड़ियांव द्वारा बताया गया कि दिनांक 18/19.11.2023 को समय करीब 03.00 बजे से 04.00 बजे के रात्रि के बीच अमर गौतम पुत्र नत्थाराम उम्र करीब 32 वर्ष निवासी–बेलीगारद निकट केन्द्रीय विद्यालय के मेन गेट के सामने, से0–पी अलीगंज थाना मड़ियांव ने अपने उक्त घर के पहली मंजिल पर अपने कमरे के छत में लगे पंखे से साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगा लिया। सुबह करीब 05.00 बजे अमर गौतम की माताजी जब उसे जगाने के लिए पंहुची तो देखा तो कि अमर गौतम उपरोक्त ने फांसी लगा लिया है। परिजनों की सूचना पर थाना मड़ियांव पुलिस द्वारा तुरन्त मौके पर पहुंचकर अमर गौतम उपरोक्त को उतारकर एम्बूलेंस की सहायता से केजीएमयू ट्रामा सेंटर भेजा गया, जहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की करीब 04 वर्ष पूर्व शादी हुयी थी। मृतक केन्द्रीय विद्यालय में ड्राइवर की नौकरी करता था।